# मुख्यमंत्री ने की ड्रेनेज रीमॉडलिंग की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस काम से बरसात के समय जलभराव की समस्या कम होगी और सड़कें व आसपास का बुनियादी ढांचा भी मजबूत होगा।मुख्यमंत्री ने हैदरपुर मेन रोड पर (बस स्टैंड से डीए ब्लॉक, शालीमार बाग तक) स्टॉर्म वाटर ड्रेन के रीमॉडलिंग कार्य का भी उद्घाटन किया। यह काम न्यू मास्टर ड्रेन प्लान 2025 के तहत किया जा रहा है, जिसमें आरसीसी ड्रेन बनाकर इलाके की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, जल निकासी व्यवस्था और जनसुविधाओं से जुड़े कई कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि रोड नंबर 319, आरयूबी शालीमार बाग, चौधरी मेहर चंद मार्ग, रोड नंबर 320 और स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती मार्ग पर भी ड्रेनेज सुधार कार्य शुरू किए गए।मुख्यमंत्री ने शालीमार चौक पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए स्लिप रोड के निर्माण और आरयूबी के आसपास यू-टर्न विकसित करने के कार्य की भी शुरुआत की। इस पहल से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा और स्थानीय निवासियों तथा यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सहीपुर गांव चौपाल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन भी किया। यह केंद्र क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाएगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने भगवान महावीर मार्ग और के. एल. बग्गा मार्ग पर मौजूदा स्टॉर्म वाटर ड्रेन के रीमॉडलिंग कार्य का भी उद्घाटन किया। इस परियोजना के तहत प्रीकास्ट फैक्ट्री निर्मित आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जाएगा, जो न्यू मास्टर ड्रेन प्लान 2025 के अनुरूप होगा।

## संपत्ति कर न देने पर पश्चिमी जोन में व्यावसायिक भवन सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज निगम के पश्चिमी जोन में एक व्यावसायिक भवन को सील किया।

यह चार मंजिला परिसर नजफगढ़-नांगलोई मुख्य मार्ग पर बापरोला में स्थित है और इसे कई वर्षों से जमा बकाया संपत्ति कर का भुगतान न किए जाने के कारण सील किया गया।

श्री रंजन कुमार, संयुक्त कर निर्धारक एवं समाहर्ता, पश्चिमी जोन ने बताया कि संबंधित संपत्ति पर पिछले कई वर्षों का लगभग 22 लाख रूपये का संपत्ति कर बकाया था।

इस संबंध में संपत्ति मालिक को कई बार सूचित करने के पश्चात भी करदाता ने संपत्ति कर अदा नहीं किया। तत्पश्चात विभाग ने आवश्यक प्रक्रिया को पूरा करते हुए आज संपत्ति को सील कर दिया है। दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर नियमों के सख्त अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी करदाताओं से अपील की है कि वे समय रहते और सही तरीके से अपने बकाया का निपटान करें।

# खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित दिल्ली खेल महाकुंभ 2026 के अंतर्गत , 14 मार्च 2026 को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कई खेलों के मुकाबले सेमीफाइनल और फाइनल चरण में पहुंचे, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम पर दिखाई दिया और दर्शकों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह और बढ़ाया।

दिल्ली खेल महाकुंभ के अंतर्गत आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले का आयोजन आज जनकपुरी के एसकेवी ए ब्लॉक विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रैंड फिनाले में पहुंचे महिला एवं पुरुष वर्ग के सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अतिरिक्त निदेशक श्री नितिन जिंदल भी उपस्थित रहे। मेंस ओपन कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में मास्टर एकेडमी और एलपीएन क्लब के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें एलपीएन क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली खेल महाकुंभ केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि दिल्ली के खिलाड़ियों के भविष्य को मजबूत बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि दिल्ली के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।आशीष सूद ने यह भी कहा कि पिछले एक महीने के दौरान आयोजित इस खेल महाकुंभ में 23,000 से अधिक खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में भाग लेने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि खिलाड़ियों को भविष्य में नेशनल गेम्स, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक जैसे बड़े मंचों के लिए तैयार करना है।

## जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ ओडिशा पर्व-2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में आयोजित 'ओडिशा पर्व-2026' में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया और दिल्ली में रहने वाले उड़िया समुदाय को इस सांस्कृतिक उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन को ओडिशा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आस्था का जीवंत उत्सव बताते हुए इसकी सराहना की।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत गर्व और खुशी की बात है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ओडिशा की संस्कृति, कला, संगीत, नृत्य और परंपराओं को इतने भव्य रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। दिल्ली में रहने वाला हर उड़िया परिवार आज भी अपनी जड़ों, अपनी सांस्कृतिक विरासत और अपनी मातृभूमि ओडिशा से गहराई से जुड़ा हुआ है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस भव्य आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2017 से लगातार आयोजित हो रहा 'ओडिशा पर्व' आज लगभग एक दशक की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर चुका है। दिल्ली में रहने वाला हर उड़िया परिवार पूरे वर्ष इस पर्व का उत्सुकता से इंतजार करता है क्योंकि यह उत्सव न केवल संस्कृति का उत्सव है बल्कि यह लोगों को अपनी परंपराओं और पहचान से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिए यह अत्यंत सौभाग्य की बात है कि उन्हें इस मंच से दिल्ली में बसे अपने उड़िया परिवार को अपने विस्तारित परिवार की तरह संबोधित करने का अवसर मिला है।

# रंजिश गोली चलाकर की हत्या, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बवाना थाने के तहत हुई हत्या के वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ पुरानी रंजिश के चलते गोली चलाई थी।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि 08.मार्च को, बवाना थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि राज वाटिका, पूठ खुर्द,के पास एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और पीड़ित की पहचान भूपेंद्र (24) के रूप में हुई, जिसे गोली लगी थी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बवाना थाने के तहत मामला दर्ज कर स्थानीय पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई। इसी बीच एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में अपराध शाखा के , एसआई रवि राणा और हेड कांस्टेबल योगेंद्र को मामले में आरोपी निखिल (20) की गतिविधियों के बारे में गुप्त सूचना मिली। इसके बाद मानवीय खुफिया जानकारी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर, टीम ने आरोपी निखिल को रोहिणी सेक्टर-34 से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी निखिल ने बताया कि उसने अपने दोस्तों-देवराज, सुमित और सीसीएल के साथ राज वाटिका, पूठ खुर्द के पास मृतक भूपिंदर पर गोली चलाई थी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग में विकास परियोजनाओं की घोषण करते हुए।

## एक नजर

### रमजान के महीने में खुल जाते हैं जन्नत के दरवाजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना रमजान पूरी दुनिया के मुसलमान के लिए सबसे पाक और बरकतों वाला महीना माना जाता है।तमाम महीने अल्लाह ताला की ही बनाई हुई नेमत हैं ,लेकिन रमजान को खास फजीलत और अहमियत हासिल है।इस महीने में अल्लाह अपने बंदों पर रहमत और नेमतों की बारिश करता है और नेकियां का सबाब कई गुना बढ़ा देता है।रमजान शरीफ सावन महीने के बाद आता है ,इस पवित्र महीने में रोजा रखना सबसे अहम इबादतों में शामिल है ।रोजेदार फ्रज की अजान से लेकर सूर्यास्त तक खाने पीने से परहेज करता है ,लेकिन रोजा केवल भूख और प्यास का नाम नहीं है बल्कि अपने व्यवहार और कर्मों में सुधार लाने बुराइयों से बचने और अच्छाइयों की राह अपनाने का संदेश देता है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के दूसरे चरण के तहत 79 मंडलों में हुए प्रवास कैम्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत दिल्ली भाजपा के मंडल स्तरीय प्रशिक्षण महाभियान के दूसरे चरण में आज 79 मंडलों में रात्रि प्रवास कैम्प आयोजित किये गये। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के मार्गदर्शन में और अभियान की संयोजक सांसद कमलजीत सहरावत की देखरेख में विभिन्न मंडलों में आयोजित प्रशिक्षण अभियान में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश पदाधिकारियों एवं अन्य नेताओं ने भाग लिया। दिल्ली के 13 विभिन्न संगठनात्मक जिलों के 79 मंडलों में आयोजित प्रशिक्षण अभियान में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने न्यू अशोक नगर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया।

सांसद कमलजीत सहरावत ने मोती नगर और करोल बाग मंडल में, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय ने तुगलकाबाद एक्सटेंशन और आर के पुरम मंडल में, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बुराड़ी और संत नगर मंडल में, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने राजनगर एवं वसंत कुंज मंडल के साथ ही मुनीरका एवं कर्मपुरा मंडल में, मोर्चों के संयुक्त प्रभारी सुमित भसीन ने आर के पुरम, मुनिरका, न्यू दिल्ली, द्वारका-ए और मंगलपुरी में, डॉ अनिल गुप्ता ने दिलशाद गार्डन मंडल में और श्री दुष्यंत गौतम, डॉ पंकज सिंह, राजकुमार भाटिया, आरती मेहरा, शहजाद पूनावाला, आदेश गुप्ता, योगिता सिंह, सतीश गर्ग, अजय महावर, सरदार आर पी सिंह, सारिका जैन, बृजेश राय, ऋचा पांडेय मिश्रा, मोहन लाल गिहारा, यासिर जिलानी, सुभेन्द्रू शेखर अवस्थी, राजकुमार फलवारिया, जगमोहन महलावत आदि ने 79 विभिन्न मंडलों में आयोजित प्रशिक्षण शिविर सत्रों को संबोधित किया। विभिन्न वक्ताओं ने जनसंघ काल से भाजपा के इतिहास एवं विकास, भाजपा की कार्यपद्धति, वैचारिक अधिष्ठान, अंत्योदय से संतृप्ति और केन्द्र एवं दिल्ली सरकार की उपलब्धियों पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद समाज के हर वर्ग के समग्र विकास की बात करता है और भारतीय जनता पार्टी उसी विचारधारा के आधार पर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य कर रही है। चाहें वह 1999 - 2004 के बीच की श्री अटल बिहारी वाजपेई की सरकार हो या 2014 से चल रही नरेन्द्र मोदी की सरकार हो सब की कार्यप्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद है।कमलजीत सहरावत ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी पहुंचाएं तथा समाज के हर वर्ग के साथ संवाद स्थापित करें।

# आहार का 40वां एडिशन बिजनेस बढ़ाने के साथ हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एशिया-क्षेत्र में फूड और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के सबसे बड़े ट्रेड शो में से एक आहार का 40वां एडिशन, ब्रांड प्रमोशन, बिजनेस बढ़ाने, मैच-मेकिंग, खरीदार-विक्रेता मीटिंग और इंडस्ट्री नेटवर्किंग सेशन को जबरदस्त बढ़ावा देने के मामले में एक सफल नोट पर संपन्न हुआ। भारत और विदेश से 1. 25 लाख से ज्यादा प्रदर्शकों और बिजनेस विजिटर्स को आकर्षित करने के बाद-भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन और फूड व हॉस्पिटैलिटी की शीर्ष संस्थाओं का यह प्रमुख विशेष कार्यक्रम, आहार 2026, 14 मार्च को भारत मंडपम में संपन्न हुआ।पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए, इस कार्यक्रम में जगह की बुकिंग और विजिटर्स की प्रतिक्रिया में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे फूड और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के लिए एशिया के अग्रणी B2B कार्यक्रमों में से एक के तौर पर इसकी स्थिति और मजबूत हुई।

आहार का अगला एडिशन 02 से 06 मार्च, 2027 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए, आईटीपीओ के चेयरमैन, राजदूत जावेद अशरफ ने उम्मीद जताई कि आहार का अगला एडिशन और भी बड़े पैमाने और ऊंचे दर्जे के साथ आयोजित किया जाएगा, क्योंकि भारत मंडपम के रीडेवलपमेंट प्लान का दूसरा चरण जल्द ही शुरू होने वाला है। उन्होंने बताया कि इस साल इटली ने श्पार्टनर कंट्रीश के तौर पर हिस्सा लिया था, और आहार 2027 में इस दर्जे के साथ और भी ज्यादा देश शामिल होंगे। मेले का मोबाइल ऐप विजिटर्स की सुविधा के लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ, जिस पर 17,000 से ज्यादा डाउनलोड और 2,800 बिजनेस मीटिंग दर्ज की गईं। उन्होंने अलग-अलग कैटेगरी में श्बेहतरीन डिस्प्ले के लिए पुरस्कारश प्रदान किए। इस मौके पर नई दिल्ली में ब्रा. जील के राजदूत, केनेथ फेलिक्स हैजिंस्की दा नोब्रेगा ने भी सभा को संबोधित किया।

# ऐप बाइक राइडर ने महिला को दी धमकी, पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** के एन काटजू मार्ग इलाके में एक महिला ने एक कंपनी ऐप बाइक राइडर सचिन पर यौन उत्पीडन और धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की बाइक भी जब्त कर ली है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वीरवार दोपहर एक बजकर 48 मिनट पर पीड़ित महिला ने अपने घर से मपी ब्लॉक मार्केट, पीतमपुरा जाने के लिये एक राइड (दोपहिया वाहन) बुक की थी। वह उक्त बाइक पर पीछे बैठकर जा रही थी। सेक्टर 13 डिवाइडिंग रोड के एन काटजू मार्ग पर पहुँचने पर, राइडर ने उसके साथ बदतमीजी करना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया, तो उसने उसे आवाज न उठाने की धमकी दी। जाहिर तौर पर, उसने उसे एफयू ब्लॉक पीतमपुरा के पास उतार दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज किया। बुकिंग की गई डिटेल लेकर कंपनी से संपर्क किया और बाइक नंबर से चालक के बारे में पूरी जानकारी ली। पुलिस ने पीडिघ्ता के घर से लेकर एफयू ब्लॉ तक के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से बादली गांव में छापेमारी करके सचिन को गिरफ्तार कर राइड में इस्तेमाल हुई मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया।




आहार 2026, भारत मंडपम में संपन्न हुआ

# दिव्यांग छात्रों ने अमृत उद्यान में परपल फेस्ट में भाग लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में समावेशी शिक्षा प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्रों ने राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में आयोजित परपल फेस्ट में भाग लिया।



दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों के 2 छात्रों ने इसमें नृत्य प्रस्तुति दी एवं 9 छात्रों ने फैंसी ड्रेस कार्यक्रम में भाग लिया। इस वर्ष पहली बार दिल्ली नगर निगम के छात्रों को परपल फेस्ट में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों के दिव्यांग छात्रों ने अमृत उद्यान का भ्रमण किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट एवं निगम विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास डागर एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

परपल फेस्ट का आयोजन प्रत्येक वर्ष राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में किया जाता है। इस कार्यक्रम में देशभर से आए दिव्यांग जन एवं छात्र भाग लेते हैं एवं विभिन्न प्रस्तुतियां देते हैं। इस वर्ष यह पहली बार है कि दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों के 11 दिव्यांग छात्रों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ।

दिल्ली नगर निगम अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को हर संभव सुविधाएं एवं अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई को मारा चाकू, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस के मॉडल टाउन थाने के स्टाफ ने हत्या के प्रयास' मामले को सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के साथ छेड़छाड़ करता था और जब उसने और उसके परिवार ने विरोध किया तो उसने चाकू से हमला कर दिया।

दिल्ली की उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि एक महिला शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका पड़ोसी श्याम सुंदर उर्फ श्यामलाल (19) पिछले कुछ समय से उसे परेशान कर रहा था। जब भी वह वहां से गुजरती थी, तो वह अश्लील इशारे करता था। महिला ने उसे ऐसी हरकतों से बाज आने की चेतावनी दी और कहा कि अगर वह नहीं माना, तो वह अपने पति और भाई से उसकी शिकायत करेगी।

इसके जवाब में आरोपी ने महिला को धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने यह बात किसी को बताई, तो वह उसके पति और भाई, दोनों को जान से मार देगा।इसी बीच 12.मार्च को रात लगभग 08:30 बजे, आरोपी ने महिला के भाई पर चाकू से 3-4 बार वार किया और मौके से फरार हो गया।

इस संबंध में मॉडल टाउन थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी मॉडल टाउन सुरेश चंद्र की देखरेख में एसएचओ मॉडल टाउन अशोक गिरी के नेतृत्व में टीम ने बयान ,सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी श्यामलाल को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि काफी समय से पीड़ित की बहन को परेशान कर रहा था जब पीड़िता और उसके परिवार ने उसके इस व्यवहार पर आपत्ति जताई, तो आरोपी ने उनके प्रति मन में रंजिश पाल ली। घटना के दिन, गुस्से में आकर और विरोध किए जाने का बदला लेने के लिए, उसने पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया और फिर मौके से फरार हो गया।

## मुख्यमंत्री से हनुमान जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर के महंत एवं भागीरथी सामाजिक सांस्कृतिक मंच के संस्थापक सुरेश शर्मा ने दिल्ली की मुख्यमत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर 2 अप्रैल ( हनुमान जन्मोत्सव ) पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा है कि 2 अप्रैल 2026 को हनुमान मंदिर, कनॉट प्लेस में हनुमान जी महाराज का 30 वा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर से श्रद्धालु, संत , महात्मा भाग लेते हैं और हनुमान जी महाराज की जयंती मनाते हैं।

# नगदी मांग कर हुए फरार, दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के वसंत कुंज नॉर्थ,थाने के स्टाफ ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पीड़ित से ऑनलाइन ट्रांसफर के बदले नगदी मांगी और नगदी मिलने के बाद ट्रांसफर चेक करने के बहाने मोबाइल और नगदी लेकर फरार हो गए।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 16 फरवरी को, वसंत कुंज नॉर्थ थाने में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल करने वाले ने बताया कि महिपालपुर चौक के पास बाइक पर सवार दो लड़कों ने उन्हें धमकाकर उनका मोबाइल फोन तथा तीस हजार रुपए लेकर फरार हो गए। पूछताछ के दौरान, उन्होंने बताया कि वे महिपालपुर के एक होटल में वेटर का काम करते हैं। दोपहर करीब 01:00 बजे, अपने गांव जाते समय, उन्हें महिपालपुर बस स्टैंड पर एक व्यक्ति मिला। उस व्यक्ति ने उनसे कहा कि उसे तीस हजार नकद चाहिए और बदले में वह उतनी ही रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर देगा। शिकायतकर्ता ने एटीएम से तीस हजार निकाले निकाले और वह नकद रकम आरोपी को सौंप दी। इसके बाद आरोपी ने ऑनलाइन ट्रांसफर दिखाने के बहाने उनका फोन नंबर और मोबाइल फोन मांगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में

# स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा जाबी इंटेलिजेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 'स्वास्थ्य सेवाओं में Artificial Intelligence एवं Machine Learning के अनुप्रयोग' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वास्थ्य सेवाओं तथा औषधि क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही आधुनिक डिजिटल तकनीकों से परिचित कराना तथा उनके व्यावहारिक उपयोग को समझाना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं संसाधन विशेषज्ञ कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुलदीप धामा (संस्थापक एवं निदेशक, जाबी इंटेलिजेंट्स प्राइवेट लिमिटेड) रहे, जो Artificial Intelligence एवं डिजिटल स्वास्थ्य तकनीकों के क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञ और कॉरपोरेट प्रशिक्षक हैं। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को Artificial Intelligence आधारित प्रणालियों तथा स्वास्थ्य सेवाओं में उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि किस प्रकार Artificial Intelligence और Machine Learning की सहायता से चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव हो रहे हैं। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि इन तकनीकों का उपयोग रोगों की प्रारंभिक पहचान, चिकित्सा डेटा के विश्लेषण, चिकित्सकीय निर्णय सहयोग प्रणाली, व्यक्तिगत चिकित्सा तथा औषधि खोज जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है।

कार्यशाला का एक विशेष आकर्षण प्रतिभागियों के लिए आयोजित च्लजीवद प्रोग्रामिंग भाषा पर हँड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्र रहा। इस सत्र के दौरान कुलदीप थामा ने विद्यार्थियों को च्लजीवद के माध्यम से Artificial Intelligence के विभिन्न अनुप्रयोगों को व्यावहा. रिक रूप से समझाया। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि किस प्रकार Python प्रोग्रा. मिंग का उपयोग करके स्वास्थ्य संबंधी डेटा का विश्लेषण किया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत औषधि विज्ञान संकाय की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव रतन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है।

---

## वार्ड नं. 34 में लगवाई गई स्ट्रीट लाइट

# पार्षद खुर्शीदा कल्लन का लोगों ने किया आभार व्यक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** शहीद नगर वॉर्ड नं- 34 में निगम पार्षद खुर्शीदा कल्लन के प्रयास से मैन चुना भट्टी रोड़ पर 7 नए खम्बों पर नई स्ट्रीट लाइट लगवाई गई। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद कल्लन ने मिठाई बाटकर पार्षद का आभार व्यक्त किया। मुख्यरूप से बालाजी मंदिर संस्थापक पंडित गोपीमोहन, गौरव शर्मा, मोहम्मद अजीम मंसूरी, मोहम्मद अजाज खान दरोगा, काशिफ खान, शालू खाँ, राजू मंसूरी, निसरुद्दीन मंसूरी, अमरुद्दीन मंसूरी, त्यागी जी, अभिषेक, अमित, शाहिद आदि उपस्थित रहें।

---

# चित्रगुप्त सभा द्वारा फाल्गुनोत्सव कि अभिनंदन समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** चित्रगुप्त सभा द्वारा आयोजित फाल्गुनोत्सव एवं अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सामाजिक एकता, समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चित्रगुप्त सभा द्वारा जानकी सभागार रामलीला मैदान कवि नगर में चित्रगुप्त सभा के मुख्य अनुरंजन श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य गत वर्ष 21 दिसंबर 2025 को आयोजित सभा के सातवें वार्षिक समारोह की शानदार सफलता का जश्न मनाना तथा उस कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने में सहयोग देने वाली सभी 32 सहयोगी सभाओं एवं अन्य सहयोगकर्ताओं का अभिनंदन करना था।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत शानदार नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। वहीं सुमित श्रीवास्तव, डॉ. संजय लाभ, डॉ. अमित कुमार, मनोज श्रीवास्तव और आलोक सिन्हा सहित अन्य गायकों के गीतों पर उपस्थित लोग झूम उठे। इसके अलावा कुलदीप बरतरिया और सुयश प्रसाद के प्रभावशाली काव्य पाठ को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। आयोजन समिति में मुख्य रूप से विकल कुलश्रेष्ठ, रंजन श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, प्रशांत सिन्हा, राहुल प्रकाश, सुनील सक्सेना, सुशील सक्सेना, अनिल सिन्हा, धीरज सहाय, डी. के. श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, विशाल गौतम, रुपेश वर्मा, सुधीर माथुर, संदीप श्रीवास्तव, वरुण सक्सेना, विधान श्रीवास्तव, डॉ. बीना श्रीवास्तव, कुलदीप बरतरिया, सुयश प्रसाद और रोमी माथुर सहित अनेक सदस्यों ने पिछले 20ख्25 दिनों से निरंतर परिश्रम कर इस कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने में अहम योगदान दिया।

---

## विजया स्वप्न फाउंडेशन व नगर निगम द्वारा

# हिंडन नदी सफाई अभियान का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजया स्वप्न फाउंडेशन ने नगर निगम के सहयोग से हिंडन नदी सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना था। यह अभियान विजया स्वप्न फाउंडेशन की संस्थापक एवं निदेशक ममता शर्मा के मार्गदर्शन में तथा नगर निगम गाजियाबाद की टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों, स्वयंसेवकों और नगर निगम की टीम ने मिलकर हिंडन नदी के किनारे सफाई अभियान चलाया और आसपास के लोगों को नदी को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह संदेश दिया गया कि नदियों में कचरा न डालें और पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर पर ममता शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर निगम गाजियाबाद की टीम और सभी स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह अभियान सफल हुआ। विजया स्वप्न फाउंडेशन समाज में स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सामा. जिक जागरूकता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

---

# आईफा में हुआ फैशन शो का आयोजन छात्र-छात्राओं ने रैंप पर किया कैटवॉक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स में फैशन शो का आयोजन किया गया। फैशन शो में छात्र-छात्राओं ने भारतीय एवं पश्चात संस्कृति पर विकसित व निर्मित आकर्षक परिधानो में रैंप पर कैटवॉक किया , और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। फैशन शो के मुख्य अतिथि डॉ मनोज कुमार धीवान (डायरेक्टर श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर) एवं विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध फैशन कंसलटेंट शिवानी एवं समाजसेवी अनुप्रीत कौर रही। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता बर्मा ने किया द्य फैशन शो बीच में विद्यार्थियों द्वारा वातावरण को खुशनुमा बनाने के लिए विभिन्न रंगारंग का कार्यक्रम प्रस्तुत प्रस्तुत किए। इस फैशन शो में फैशन चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों श्रुति शर्मा, हर्षिता वर्मा, वेदाशी , तनुष्का एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी आदि दुहन, शिवानी, वंशिका एवं सेकंड ईयर विद्यार्थी अमन, अनुष्का चौहान, हिमानी, पूजा द्वारा स्वर्ण निर्मित परिधानों को मॉडलों को पहनकर प्रस्तुत किए। विजेता छात्रों को दो अलग-अलग विशेष श्रेणियां में शिबोरी एवं ओरिगैमी के विजेता छात्रों में यशिका तृतीय, अनुष्का चौहान द्वितीय एवं शिवानी को प्रथम विजेता घोषित किया। इसी प्रकार इंडो वेस्टर्न की शैलियां के आधार पर निशु तृतीय, वैदाशी द्वितीय एवं श्रुति शर्मा को प्रथम विजेता घोषित किया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंत में संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फैशन विभाग की अध्यापिका रीता घोष एवं अक्षिता का विशेष योगदान रहा।



---

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव का विशेष आकर्षण रहा 'द स्कुईज ऐंड द स्कवैश'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में कक्षा दो का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें कक्षा दो के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह हमारे छात्रों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता का विकास करते हैं।

हमारा विद्यालय बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए सदा से प्रतिबद्ध है और रहगा। इस प्रकार की गतिविधियाँ हमारे सामूहिक प्रयास को प्रदर्शित करती हैं। समारोह के विशेष अतिथि डॉ० नृपन विश्नोई रहे जो ई.एन.टी विशेषज्ञ हैं। कक्षा दो के छात्रों द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत को गई। जिसमें छात्रों ने 2025-26 की शैक्षणिक और सहशैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में कहानी के माध्यम से छात्रों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि संतोष हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। इसी से हम सभी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

कहानी दो ऐसे लोगों की है जिन्हें अपना घर छोटा लगता हैं पर एक बुद्धिमान व्यक्ति उन्हें कुछ जानवरों के माध्यम से यह शिक्षा देने का प्रयास करता है कि जो उनके पास है वह उनके लिए उचित व संतोषजनक है।

छात्रों ने अलग-अलग पात्रों व संवाद से नाटक को जीवंत बनाया तथा अपने अभिनय से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ० अरुणाभ सिंह ने छात्रों के कठिन परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गति. विधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं।

डॉ० सिंह ने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के अंत में जूनियर स्कूल की प्रधानाचार्या सुश्री पूनम गैरोला ने अभिभवाकों व अध्यापिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में हम सभी का योगदान अति आवश्यक है।

ये छात्र आने वाले समय के कर्णधार हैं। इन्हें सही मार्गदर्शन देना हमारा परम कर्तव्य है। इस समारोह को सफल बनाने में हमारे नन्हे नन्हे छात्र, अध्यापकगण व अभिभावक बधाई के पात्र हैं। जिसके लिए हम हृदय से धन्यवाद देते हैं।

---

# आईटीएस मोहन नगर में युवा विकसित भारत घोषणापत्र विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर में आई.टी.एस संवाद श्रृंखला के अंतर्गत युवा विक. सित भारत घोषणापत्र विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तुहिन सिन्हा, बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता, सुप्रसिद्ध लेखक एवं स्तम्भकार विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, विशिष्ट आमंत्रित वक्ता तुहिन सिन्हा, आई.टी.एस के निदेशक (पी.आर) सुरिंदर सूद, आई.टी.एस के निदेशक डॉ सुनील पांडेय, मैनेजमेंट के निद. शक डॉ अजय कुमार एवं प्राचार्या डॉ नैंसी शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष डीप प्रज्जवलित कर किया। वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो देश की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कहा कि यदि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएँ और नवाचार, उद्यमिता तथा अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ें, तो भारत को वैश्विक स्तर पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए तुहिन सिन्हा ने युवा विकसित भारत घोषणापत्र की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इसके पूर्व अपने स्वागत सम्बोधन में डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि भारत आज एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जहाँ युवा शक्ति देश की प्रगति की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर उभर रही हैं। निदेशक (पी आर) सुरिंदर सूद ने अपने सम्बोधन में विश्सिहत वक्त का धन्यवाद करते हुए कहा की आज के परिप्रेक्ष्य में विकसित भारत मिशन में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भी वक्ता के साथ संवाद करते हुए अपने विचार और प्रश्न साझा किए, जिससे यह सत्र अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बन गया। इस अवसर पर आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. अजय कुमार, आई.टी.एस यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा, संस्थान के संकाय सदस्य, स्टाफ तथा 1000 से अधिक विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

---

# गिन्नी देवी कॉलेज में 80 सिलाई मशीनों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, मोदीनगर में एनएसएस द्वारा आयोजित 7 दिवसीय कौशल एवं सामाजिक सेवा शिविर के पाँचवें दिन एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को 80 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया।

इस पहल को नव्या मोदी एवं उनके सहयोगी विद्यार्थियों के द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए, नव्या मोदी, कायरा अर्जोई , रियाना मलिक, जिया खन्ना तथा वैदया मोदी द्वारा धनराशि एकत्रित कर महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।




इस कार्यक्रम में सिंगर सिलाई मशीन कंपनी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जिन छात्राओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गई, उन्हें सिंगर कंपनी द्वारा तीन माह का नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण भी दिया गया है। साथ ही सिलाई कार्य से संबंधित सभी आवश्यक किट्स भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई गई।कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यक्ष प्रो. डॉ. डी.के. मोदी, रेनू मोदी, निधि मोदी, प्राचार्य डॉ. पूनम शर्मा तथा एडवाइजर रीता बख्शी सहित कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

# एसडीएम ने की गैस एजेंसियों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उपजिलाधिकारी मोदीनगर व नायब तहसीलदार मुरादनगर/ मोदीनगर एवं पूर्ति विभाग के द्वारा तहसील क्षेत्र की अनेकों गैस एजेंसियों पर औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को दी जा रही सुविधाओं की जाँच की गई। एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराये जाये यदि किसी भी तरह की कालाबाजारी एवं अनियममितता पाए जाने पर एजेंसी संचालकों पर कार्यवाही की जायेगी।




1- मुरादनगर गैस सर्विस गैस एजेंसी मुरादनगर इंडियन गैस
2- जिंदल गैस सर्विस गैस एजेंसी मुरादनगर भारत गैस
3- मनन गैस सर्विस गैस एजेंसी कस्बा रोड मुरादनगर इंडियन गैस
4- ग्राम फरीदनगर में अग्नी एच०पी० गैस एजेंसी
5- राज इण्डेन ग्रामीण एजेसी भोजपुर
6- गैस गोदाम ग्राम काजमपुर
7- त्यौडी ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी ग्राम त्यांडी-7
8- रोहन गैस एजेंसी ग्राम कलछीना

---

# आईटीएस कॉलेज में मनाया गया कॉन्स-एंडो सप्ताह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ कंजरवेटिव डेन्टिस्ट्री एण्ड एंडोडॉन्टिक्स ने 5 मार्च को कॉन्स-एंडो डे के रूप मे घोषित किया है, जो आम लोगों मे दंत रोगों की जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत मे मनाया जाता है। इसी क्रम में आईटीएस कॉलेज के कंजरवेटिव डेन्टिस्ट्री एंड एंडोडोन्टिक्स विभाग ने आईएसीडीए के अंतगर्त दिनांक 12 मार्च से 14 मार्च, 2026 तक कॉन्स-एंडो सप्ताह के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी एच0ओ0डी0 सहित दंत चिकित्सकों एवं एमडीएस छात्रों ने भाग लिया।

आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एचओडी कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडोंटिक्स विभाग डॉ सोनाली तनेजा ने किया। कार्यक्रम के पहला दिन की शुरुआत रील मेंा. कंग, मंडाला आर्ट और शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता जैसे रोमांचक कार्यक्रमों के साथ शुरू हुई। जिसमें संस्थान के सभी एमडीएस तथा बीडीएस के छात्रों ने बढ़-चढकर भाग लिया।



कार्यक्रम के तीसरे दिन रंगोली प्रतियोगिता एवं इंटर्न और बीडीएस छात्रों के द्वारा शानदान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही छात्रों को इन प्रतियोगिताओं के जरीए दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत कुछ नवीन खीखने का अवसर मिला।

इस समारोह में आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को दंत चिकित्सा में उत्कृष्टता और विशेषज्ञता हासिल करने के लिये प्रोत्साहित किया तथा अंत मे विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरण किये गये।

### शुद्धिकरण

शाह टाइम्स समाचार पत्र के 11 मार्च 2026 के दिल्ली संस्करण में पेज संख्या 4 पर सार्वजनिक सूचना नामक शीर्षक से प्रकाशित सूचना में अंतिम लाइन में त्रुटिवश अशोक शर्मा एडवोकेट चेंबर नंबर-173 गाजियाबाद कोर्ट, फोन नंबर 9811662333 प्रकाशित नहीं हो पाया था जिसके लिए हमें खेद है अत: सार्वजनिक सूचना के अंत में अशोक शर्मा एडवोकेट चेंबर नंबर -173 गाजियाबाद कोर्ट मोबाइल नंबर 9811662333 पढ़ा जाए।

**व्यवस्थापक शाह शाह टाइम्स**

# डीएम ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं कृत संकल्पित है। यह परीक्षा 14 और 15 मार्च को जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने ग्रेटर नोएडा स्थित श्री अमीचंद इंटर कॉलेज, कासना परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं, परीक्षार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता या अनियमितता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा के प्रथम दिन दोनों पालियों की परीक्षा जनपद के सभी 18 केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी लगातार सभी केंद्रों पर निगरानी बनाए हुए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा के प्रथम दिन पहली पाली में कुल 5520 अभ्यर्थियों में से 3691 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1829 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 5520 अभ्यर्थियों में से 3870 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और 1650 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने आगे बताया कि 15 मार्च को भी जनपद के सभी 18 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

## नवरात्रि में पालकी पर सवार होकर आएंगी मां

**नोएडा।** नवरात्र और हिंदू नववर्ष 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं। इस बार नौ देवियां पालकी पर सवार होकर आएंगी। नए साल का राजा गुरु और मंत्री मंगल होंगे। भक्त 19 से 27 मार्च तक देवी मां की आराधना करेंगे। 27 मार्च को रामनवमी है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-1 स्थित पीपल महादेव मंदिर के पुजारी पंडित आरडी तिवारी ने बताया कि सनातन धर्म में नया वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होता है। यहीं से विक्रम संवत का भी आरंभ होता है। नए साल की शुरुआत माता रानी की उपासना से होती है।

19 मार्च को बृहस्पतिवार सुबह 6:40 बजे तक अमावस्या रहेगी। इसके बाद प्रतिपदा तिथि शुरू हो जाएगी। मंदिरों और घरों में कलश स्थापना होगी और नौ दिनों तक दर्शन होंगे। 19 मार्च से नए पंचांग के अनुसार साल की शुरुआत होगी। राजा गुरु होने से धार्मिक कार्यों में उन्नयन होगा। मंत्री मंगल होने से कुछ अशांति की स्थिति रहेगी।

# ऐप में 20 हजार अपराधियों का डिजिटल डाटा तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले की पुलिस ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित यक्ष ऐप को लागू कर दिया। इसके जरिए अपराधियों, गैंग, हिस्ट्रीशीटर और बीट से जुड़ी जानकारी को डिजिटल रूप में एकत्र किया जा रहा है। इससे अपराधियों पर नजर रखना और कार्रवाई करना आसान हो सकेगा। 2009 गांव और मोहल्लों की मैपिंग पूरी हो चुकी है। बीस हजार से अधिक अपराधियों का डिजिटल डाटा ऐप में मौजूद है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कमिश्नरेट के तीनों जोन में इस ऐप के माध्यम से अपराधियों की सही और अपडेट जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल जाएगी। इससे अपराध की रोकथाम और पुलिस कार्रवाई दोनों और प्रभावी हो जाएंगे। कमिश्नरेट क्षेत्र में कुल 2009 गांव और मोहल्लों की डिजिटल मैपिंग का काम पूरा कर लिया गया है। इस मैपिंग के माध्यम से हर इलाके की भौगोलिक और प्रशासनिक जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध हो गई है। इसका सबसे बड़ा फायदा बीट पुलिसिंग को होगा। किसी घटना या आपात स्थिति में पुलिस को तुरंत पता चल सकेगा कि कौन सा इलाका किस बीट में आता है और वहां तक पहुंचने का सबसे तेज रास्ता क्या है। इससे पुलिस की प्रतिक्रिया समय भी कम होगा और लोगों को जल्द मदद मिल सकेगी। यही नहीं, जिले के सभी थानों की कुल 822 बीटों में रहने वाली जनसंख्या का शत-प्रतिशत पंजीकरण भी पूरा कर लिया गया है। इसका मतलब है कि हर बीट में कितने लोग रहते हैं और वहां की बुनियादी जानकारी अब पुलिस के पास डिजिटल रूप में मौजूद है। इससे पुलिस को यह समझने में आसानी होगी कि किस इलाके में कितनी आबादी है और वहां सुरक्षा के लिए कितने संसाधनों की जरूरत है। इसके आधार पर पुलिस गश्त, निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था की बेहतर योजना बनाई जा सकेगी।

**जिले में 189 आपराधिक गैंग सूचीबद्ध:** यक्ष ऐप पर गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों से जुड़े कुल 20 हजार 537 अपराधियों का विवरण दर्ज किया गया है। इनमें से 19,931 अपराधियों का सत्यापन भी पूरा कर लिया गया है। बाकी अपराधियों का सत्यापन करने की प्रक्रिया अभी भी चल रही है। जब यह काम पूरी तरह पूरा हो जाएगा तो सभी अपराधियों की जानकारी डिजिटल रूप में पुलिस के पास उपलब्ध होगी। जिले में इस समय कुल 189 आपराधिक गैंग सूचीबद्ध हैं।

## रास्ते से गाड़ी नहीं हटाने पर दो पक्षों में मारपीट

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली क्षेत्र के नवादा गांव में शनिवार को दो पक्षों के बीच मारपीट में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 13 नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।जानकारी के मुताबिक नवादा गांव में सुमित और नितिन दोनों परिवार के साथ रहते हैं। सुमित के मुताबिक 11 मार्च को उनके पिता और भाई अपनी गाड़ी लेकर जा रहे थे। इसी बीच गांव के मुख्य रास्ते पर नितिन अपनी गाड़ी लेकर खड़ा था। सुमित के पिता ने गाड़ी हटाने के लिए कई बार हॉर्न बजाया लेकिन नितिन ने रास्ते से गाड़ी नहीं हटाई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसे लेकर शनिवार को दोनों पक्षों के परिवार आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोगों को चोट भी आई, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# न्यायमूर्ति ने परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय परिसर गौतमबुद्धनगर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति एवं जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रशास. निक न्यायाधीश अजित कुमार के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव सहित प्रधान न्यायाधीश रामकेश, पीठासीन अधिकारी लारा सुनील कुमार श्रीवास्तव, पीठासीन अधिकारी वाणिज्यिक न्यायालय जगदीश प्रसाद, पीठासीन अधिकारी वत्सल श्रीवास्तव, अपर जिला जज द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट तथा नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी त्यागी, अध्यक्ष बार एसोसिएशन जनपद गौतमबुद्धनगर मनोज भाटी, सचिव बार एसोसिएशन शोभाराम चंदेला एवं संबंधित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक अदालत न्यायिक व्यवस्था का एक सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से आपसी सहमति के आधार पर विभिन्न वादों का सरल, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण संभव हो पाता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, जिससे अधिकाधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित हो सके। शुभारंभ के पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति एवं जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय परिसर में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत उन्होंने स्टॉलों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से संचालित योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित नागरिकों एवं लाभार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



न्यायमूर्ति द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने परिसर में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का अवलो. कन करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। परिसर में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्वयं रक्तचाप की जांच कराई तथा उपस्थित लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

तत्पश्चात जिला न्यायालय परिसर में स्थापित ई-सेवा केंद्र/वीसी सेंटर का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन में निर्मित गेट एवं गार्ड रूम का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर न्यायालय से जुड़े अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलो. कन करते हुए व्यवस्थाओं की सराहना की गई और कहा गया कि इन सुविधाओं से न्यायिक कार्यों के संचालन में और अधिक सुगमता एवं पारदर्शिता आएगी।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, एडिशनल सीपी अजय कुमार, डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी, अशोक कुमार निम, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वित्तीय वर्ष के हिसाब से होगा एओए का कार्यकाल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एक तरफ जहां नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सोसाइटियों में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के चुनाव लगातार विवादों से घिरे रहते हैं, वहीं ग्रेटर नोएडा की गौड़ अतुल्यम सोसाइटी की एओए ने नई पहल की है। यहां वित्तीय वर्ष के हिसाब से एओए का कार्यकाल होगा। इसके लिए मौजूदा एओए का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही चुनाव कराने का फैसला लिया गया है। इसके लिए करीब पांच महीने पहले ही चुनाव समिति भी गठित कर दी गई है, ताकि अप्रैलमें चुनाव प्रक्रिया पूरी कर नई कार्यकारिणी को जिम्मेदारी दी जा सके। नए एओए का कार्यकाल एक अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। एओए के अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि हर साल एओए के चुनाव में दो से तीन महीने देरी हो जाती थी। ऐसे में अब एओए का कार्यकाल वित्तीय वर्ष रहेगा। उन्होंने बताया कि सोसाइटी में यह छठी एओए का गठन होगा। सचिव गजेंद्र नागर ने बताया कि सोसाइटी बायलॉज के अनुसार, वित्तीय वर्ष के पहले क्वार्टर में एओए की वार्षिक आम सभा होनी चाहिए। इस मकसद से एओए का चुनाव समय से कराया जाना जरूरी है।

### घरेलू पीएनजी कनेक्शनों की संख्या में इजाफा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच घरेलू पीएनजी गैस कनेक्शन लेने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है। घरेलू पीएनजी गैस का कनेक्शन देने के लिए आईजीएल कंपनी ने भी कर्मियों की संख्या बढ़ा दी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग पीएनजी कनेक्शन प्राप्त कर सके। इसके साथ ही घरेलू पीएनजी के बंद कनेक्शनों को भी दोबारा शुरू किया जा रहा है। इसके लिए उपभोक्ताओं को प्रेरित भी किया जा रहा है। जिले में पीएनजी के साढ़े चार लाख उपभोक्ता है। इसके साथ ही पीएनजी के उपभोक्ताओं की लगातार संख्या भी बढ़ती जा रही है।
अब एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत को देखते हुए आईजीएल ने पीएनजी कनेक्शन देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके लिए अतिरिक्त कर्मी भी लगाए गए है। उपभोक्ताओं द्वारा ऑनलाइन बुकिंग करते ही साइड विजिट करके सत्यापित किया जा रहा है और कनेक्शन की फीस जमा कराके कनेक्शन लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, ताकि उपभोक्ता को पीएनजी का कनेक्शन देकर गैस की आपूर्ति तुरंत शुरू की जा सके। इसी तरह जिले में जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन बंद चल रहे हैं और ऐसे उपभोक्ता एलपीजी का प्रयोग कर रहे हैं।कंपनी इन उपभोक्ताओं को प्रेरित करके पीएनजी कनेक्शन शुरू करने की अपील कर रही है, ताकि एलपीजी पर बढ़ रहे दवाब को कम किया जा सके। इसके लिए बंद पीएनजी कनेक्शनों को शुरू किया जा रहा है। जिले में अब रोजाना तीन सौ से ढाई तीन सौ नए कनेक्शन दिए जा रहे हैं। जबकि पूर्व में इनकी संख्या दो सौ से ढाई सौ रोजाना रहती थी।

### महिला चिकित्सक को जूनियर ने थप्पड़ मारे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल में ड्यूटी के दौरान एक महिला चिकित्सक के साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने जूनियर चिकित्सक पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया। उन्होंने सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज कराया है।पुलिस को दी शिकायत में वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. शिवांगी राज जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे वह अस्पताल में ड्यूटी पर थीं। इसी दौरान जूनियर चिकित्सक डॉ. आदित्य वर्मा के साथ किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया। आरोप है कि डॉ. आदित्य ने गुस्से में आकर आठ से दस बार थप्पड़ मारे।
यह पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी रिकॉर्ड हो गई है। डॉक्टर शिवांगी का कहना है कि इस घटना से उन्हें शारीरिक चोट के साथ-साथ मानसिक आघात भी पहुंचा है। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी डॉक्टर ने महिला चिकित्सक को जान से मारने की धमकी भी दी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। पुलिस के अनुसार शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।अस्पताल परिसर में चर्चाअस्पताल परिसर में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है। कई डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की घटना होना बेहद चिंताजनक है। उनका मानना है कि अगर किसी तरह का विवाद था तो उसे बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सभी पक्षों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहर के अस्पतालों में चिकित्सकों के बीच मारपीट होने के मामले पूर्व में भी सामने आ चुके हैं।

# दलित प्रेरणा स्थल के सामने रास्ते बदलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की रविवार को 92वीं जयंती मनाई जाएगी। उन्हें पुष्पांजलि देने के लिए काफी संख्या में लोग सेक्टर-95 स्थित दलित प्रेरणा स्थल पहुंचेंगे। ऐसे में जरूरत पड़ने पर यातायात पुलिस दलित प्रेरणा स्थल के सामने वाहनों के रास्तों में बदलाव करेगी। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से नोएडा होकर चिल्ला बॉर्डर की ओर आने-जाने वाले रास्ते पर वाहनों के रास्ते बदले जाएंगे। दलित प्रेरणा स्थल के गेट नंबर-1 के सामने जाम लगने की स्थिति में ग्रेनो से नोएडा की ओर आने वाले वाहनों को महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-37 की ओर भेजा जाएगा।

यहां से लोग अट्टा पीर, रजनीगंधा चौराहा, सेक्टर-15 गोलचक्कर होते हुए जा सकेंगे। दलित प्रेरणा स्थल के गेट नंबर -4 और 5 के सामने जाम लगने पर वाहनों को फिल्म सिटी फ्लाईओवर से सेक्टर-18 की तरफ भेजा जाएगा। यह वाहन रजनीगंधा चौराहा, सेक्टर-15 गोलचक्कर होते हुए गंतव्य की ओर जा सकेंगे। इसी तरह नोएडा के चिल्ला बॉर्डर या डीएनडी से उतरकर ग्रेनो की तरफ जाने वाले रास्ते पर भी जरूरत पड़ने पर वाहनों के रास्ते बदले जाएंगे। जाम लगने पर सेक्टर-14 फ्लाईओवर के नीचे से सेक्टर-15 गोलचक्कर की ओर वाहनों को भेजा जाएगा।

## सोसाइटी के बाहर कार के चारों टायर चोरी

**नोएडा।** सेक्टर 107 स्थित ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी के बाहर खड़ी कार के चारों टायर चोरी कर चोर फरार हो गए। वारदात को बाद कार को ईंट के सहारे खड़ा किया गया। सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में चंढीगढ़ के सेक्टर 13 में रहने वाली गरिमा बंसल ने बताया कि वर्तमान में वह सेक्टर 107 स्थित ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी में परिवार संग रहती हैं। उन्होंने अपनी कार को तीन मार्च को सोसाइटी के गेट नंबर तीन के पास खड़ा किया था। चोरों ने रात में कार पर धावा बोला। कार से अलोय व्हील समेत चारों टायर चोरी कर ले गए। अगले दिन सुबह गरिमा जब बाहर जाने के लिए निकलीं तो कार से सामान चोरी होने का पता चला। गरिमा ने गार्ड की मदद से टायर को आसपास तलाश किया, लेकिन टायर और अलोय व्हील नहीं मिले।

# काट दिया जाएगा कनेक्शन, प्राधिकरण का पानी के बिल को लेकर अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पानी के बकाया बिल को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। प्राधिकरण ने आवंटियों को अंतिम चेतावनी दिया है। प्राधिकरण ने कहा है कि यदि 31 मार्च तक पानी का बकाया बिल जमा नहीं किया गया तो कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण अधिकारी द्वारा शनिवार को जानकारी दी गई कि आंकड़ों के अनुसार शहर में 51000 से अधिक पानी के कनेक्शन हैं। इनमें से करीब 29000 कनेक्शनों पर लगभग 270 करोड़ रुपए का बिल बकाया चल रहा है। सबसे अधिक बकाया बिल्डर सोसाइटियों पर है। करीब 90 से अधिक बिल्डर सोसाइटियों पर ही लगभग 150 करोड़ रुपए का बिल बकाया बताया गया है।

इसके अलावा शहर की 28000 से अधिक आवासीय संपत्तियों, छह आईटी इकाइयों, 321 संस्थागत इकाइयों, 700 से अधिक औद्योगिक इकाइयों, 20 आवासीय समितियों और 21 व्यावसायिक संपत्तियों पर भी पानी का बिल लंबित है।

प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि कई आवंटियों को पहले भी बकाया बिल जमा करने के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं, इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने अभी तक भुगतान नहीं किया है। अब प्राधिकरण ने अंतिम समयसीमा तय कर दी है।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक निवासियों को असुविधा से बचाने के लिए कनेक्शन नहीं काटे गए थे। लेकिन, लगातार बढ़ते बकाया को देखते हुए अब सख्ती की तैयारी की जा रही है। यदि 31 मार्च तक भुगतान नहीं हुआ तो संबंधित संपत्तियों के पानी के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा सकती है।

जल विभाग ने बिल प्राप्त करने और भुगतान की प्रक्रिया को भी आसान बनाया है। प्राधिकरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन बिल देखने और भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिन आवंटियों की केवाईसी अपडेट है, उन्हें बकाया राशि की जानकारी एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भी भेजी जा रही है।

## कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक युवक के पिता ने सेक्टर-49 थाने में अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।हापुड़ के बहादुरगढ़ निवासी रतन सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अंकुर कुमार अपने दोस्त शिवम कुमार से मिलने होली के दिन नोएडा गया। चार मार्च को दोनों सेक्टर-49 क्षेत्र में एक मित्र से मिलने के बाद मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे।

शिवम कुमार मोटरसाइकिल चला रहा था और अंकुर कुमार पीछे बैठा था। सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास सेक्टर-101 की ओर जाने वाले यू-टर्न के नजदीक पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंकुर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

# चिठेहरा में स्वयं सेवकों ने निकाली जागरूकता रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** मिहिर भोज बालिका डिग्री कॉलेज, दादरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पीएम श्री विद्यालय, चिठेड़ा में आयोजित विशेष शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से छात्राओं ने गाँव की गलियों में जाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों को "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" का संदेश दिया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है और पेड़-पौधे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भी पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने का संकल्प लिया और राष्ट्रीय सेवा योजना की इस पहल की सराहना की।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीता भाटी कोऑर्डिनेटर के निर्देशन में हुआ। रैली में अमरेश नागर, नीतू शर्मा, मोनिका भाटी, दीपांशी भाटी, अनुष्का भाटी, अंजू भड़ाना, रौनक, ललित भाटी, मंगल आर्य और विजयपाल भाटी का विशेष सहयोग रहा।

# डिलीवरी के दौरान शिशु की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है।

ग्रेटर नोएडा के सादुल्लापुर गांव निवासी सुमित नागर परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी पत्नी आरती गर्भवती थी। डिलीवरी के लिए बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित निजी अस्पताल में 12 मार्च को भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टर द्वारा जांच की गई। 13 मार्च को डिलीवरी के लिए दर्द बनाने को लेकर दवाई दी गई। अस्पताल की महिला डॉक्टर ने डिलीवरी करने के लिए जूनियर डॉक्टर को बोला। 13 मार्च की रात डिलीवरी की गई, जिसमें शिशु की मौत हो गई। डॉक्टर ने शिशु को कपड़े में लपेट कर परिजनों को दिया।

जब मरीज की हालत के बारे में जानकारी की गई तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। महिला डॉक्टर की लापरवाही को लेकर परिजनों ने नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल के स्टाफ ने पीड़ित परिवार के साथ अभद्रता की। सूचना पाकर पीड़ित के अन्य परिजन भी आ गए। घटना की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी गई। पुलिस ने हंगामा करने वाले ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे।

# बिजनौर की बिटिया ने राजस्थान में बढ़ाया यूपी का मान

**जयपुर( राजस्थान )।** बनस्थली यूनिवर्सिटी में आयोजित 42 वे दीक्षांत समारोह में देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश की छात्रा राफिया नाज ने राजस्थान की बनस्थली महिला यूनिवर्सिटी में मास्टर ऑफ साइंस बायोटेक्नोलॉजी में प्रथम वरीयता प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

बनस्थली महिला यूनिवर्सिटी में 14 मार्च को 42वे दीक्षांत समारोह में प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम भारत सरकार ने छात्राओं को उपाधि प्रदान की तथा विभिन्न संकाय में प्रथम वरीयता प्राप्त करने वाली छात्राओं को गोल्ड मेडल्स प्रदान किए गए। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद की मूल निवासी राफिया नाज ने पूर्व में भी बैचलर ऑफ साइंस बायोटेक्नोलॉजी में वरीयता प्राप्त करते हुए निवर्तमान उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ द्वारा उपा. धि प्राप्त की थी। राफिया ने अपने माता पिता का नाम रोशन करते हुए मास्टर ऑफ साइंस बायोटेक्नोलॉजी में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जहां एक ओर राजस्थान में नाम रोशन किया वही अपने राज्य उत्तर प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया। राफिया ने बताया कि वह इस समय केंद्र सरकार के अधीन रिसर्च सेंटर पर प्रोजेक्ट एसोसिएट प्रथम के पद पर कार्यरत हे। राफिया नाज़ की माता जी नाहिद तबस्सुम यूपी सरकार में सरकारी प्रधानाध्यापक हे ओर पापा आसिम हुसैन यातायात पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हे।



बनस्थली महिला यूनिवर्सिटी से बायोटेक में बनी टॉपर

# गैस संकट, दो दिन से नहीं जला चूल्हा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच जारी अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिससे गैस सिलेंडरों की उपलब्धता प्रभावित हो रही है।

ऐसे में गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगी महिला का कहना है कि दो दिन हो गए घर में चूल्हा नहीं जल रहा है। घर में बाकी लोग कामकाजी है वो चले गए। सुबह पांच बजे से लाइन में लगी हूं। लाइट वाला चूल्हा लिया, वो भी काम नहीं कर रहा। ये भी नहीं पता कि आज भी सिलेंडर मिलेगा या नहीं। ये हाल नोएडा के सरफाबाद गैस सेंटर का है। यहां करीब 500 मीटर से ज्यादा लंबी कतार लगी है। तपती धूप में महिलाएं हाथ में गोद में बच्चे लेकर भी है। लाइन में खड़ी एक महिला ने बताया कि पिछले दो दिनों से घर में खाना नहीं बन पाया है। मजबूरी में बाहर से खाना मंगाना पड़ रहा है, जिससे घर का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि सुबह से लाइन में लगे हैं लेकिन अभी तक यह भी साफ नहीं है कि आज गैस मिलेगी या नहीं।



तबस्सुम नाम की महिला ने बताया कि घर में और कोई नहीं है, इसलिए खुद ही लाइन में लगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक पर्ची भी नहीं कटी है। पहले पर्ची कटवानी होगी और उसके बाद गैस के लिए दूसरी लाइन में लगना पड़ेगा। बच्चे को गोद में लेकर घंटों खड़े रहना मजबूरी बन गया है। एक अन्य महिला ने बताया कि उन्होंने पिछले दो दिनों से ऑनलाइन गैस बुकिंग की कोशिश की, लेकिन बुकिंग ही नहीं हो पा रही। सिस्टम बार-बार फेल हो रहा है। ऐसे में लोगों को एजेंसी पर जाकर ही पर्ची कटवानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एजेंसी वालों की ओर से बताया जा रहा है कि आज दो ट्रक गैस आने की उम्मीद है, लेकिन कितने लोगों को सिलेंडर मिल पाएगा, यह अभी साफ नहीं है।कई परिवार फिलहाल छोटे सिलेंडरों में 300 रुपये प्रति किलो के हिसाब से गैस भरवाकर किसी तरह काम चला रहे हैं। हालांकि यह भी आम लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है।

शहर में गैस की कमी से घरेलू कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है। महिलाओं का कहना है कि अगर जल्द ही सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो हालात और मुश्किल हो सकते हैं। फिलहाल उम्मीद इसी बात की है कि जल्द गैस की सप्लाई बढ़े और लोगों को राहत मिल सके।

# जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस दरोगा भर्ती की परीक्षा संपन्न





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा पदों की भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा शनिवार को जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आया। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

जानकारी के अनुसार जनपद में बनाए गए 11 परीक्षा केंद्रों पर करीब 5600 अभ्यर्थियों ने दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा दी। परीक्षा शुरू होने से काफी पहले ही अभ्यर्थियों की भीड़ केंद्रों के बाहर पहुंचनी शुरू हो गई थी। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर पुलिस और प्रशासन की टीम द्वारा कड़ी जांच की व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान पत्र और प्रवेश पत्र की जांच करने के बाद ही उन्हें अंदर प्रवेश दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई ताकि कोई भी प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा कक्ष के अंदर न ले जाई जा सके। परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा केंद्रों के अंदर भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी, जिससे परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन बनाया जा सके। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया और परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रशासन का कहना है कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया था। परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस संबंध में सख्त निर्देश दिए गए थे। पूरे समय प्रशासन और पुलिस की संयु क्त टीम स्थिति पर नजर बनाए रही। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की शिकायत सामने नहीं आई और पहले दिन की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकलते दिखाई दिए और उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित बताया। प्रशासन ने बताया कि आगामी चरणों की परीक्षा भी इसी प्रकार कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा को सफल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह, एडीएम सत्येन्द्र सिंह, एएसपी सुमित शुक्ला तथा एसडीएम अर्चना शर्मा सहित कई अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण करते रहे और व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। यूपी एसआई भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई

**थानाभवन संवाददाता के अनुसार** उत्तर प्रदेश पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा शनिवार को थानाभवन कस्बे में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए थानाभवन के लाला लाजपतराय इण्टर कॉलेज, लाला लाजपतराय कन्या इण्टर कॉलेज और किसान इंटर कॉलेज थानाभवन को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इन केंद्रों पर सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बागपत और मेरठ सहित कई जिलों के अभ्यर्थियों के सेंटर लगाए गए थे। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ देखी गई। निर्धारित समय पर कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए थानाभवन पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई और पुलिस कर्मी लगातार निगरानी करते रहे। इस दौरान थानाभवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत स्वयं मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने भी परीक्षा केन्द्रो पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया स पुलिस प्रशासन की सतर्कता के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हूई सपरीक्षा केंद्रों के बाहर सुवह से ही अभ्यार्थियों के परिजनों की भीड़ देखी गई स वहीं कस्बे के राजपूत उत्थान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अनि. वेश पुंडीर, कुलदीप राणा, ठाकुर राम चरण सिंह, मोहित तायल, आदि ने दूर दराज से आये अभ्यर्थियों के लिए रात्रि विश्राम और भोजन की निशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित की।

## डीएम-एसपी ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने ब्रिगेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज, वी.वी. इंटर कॉलेज तथा पब्लिक इंटर कॉलेज कैराना सहित कई परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। अधिका. रियों ने केंद्रों पर बने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था और परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर सुरक्षा और निगरानी व्यवस्थाओं को परखा। जिलाधिक. ारी ने डड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को हर स्तर पर सतर्कता बरतने और पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस कर्मियों को परीक्षा के दौरान सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिका. रियों ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

## परीक्षा देने गया छात्र हुआ लापता, तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** रजाक नगर निवासी रणवीर सिंह के पुत्र कक्षा आठ का छात्र शनिवार को परीक्षा देने के लिए घर से निकला, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। परि. जनों ने बच्चे की खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता रणवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है और गांव के कुछ लोगों पर अपने पुत्र को साथ ले जाने का शक जताया है। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, जब परि. जनों ने स्कूल से संपर्क किया तो संचालक ने बताया कि उनका पुत्र स्कूल तक भी नहीं पहुंचा है। इससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रें में बच्चे की तलाश की जा रही है और संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी ने बच्चे को देखा हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस बीच परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और वे अपने पुत्र की सुरक्षित वापसी के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। पुलिस ने यह भी कहा है कि हर संभावित ख्रष्टिकोण से मामले की जांच की जा रही है ताकि छात्र जल्द से जल्द सुरक्षित घर लौट सके।

# जंगल में गौकशी करता हुआ आरोपी दबोचा

### जिंदा गौवंश व तमंचा बरामद, तीन हुए मौके से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना पुलिस ने गोवध की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में गौकशी की तैयारी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से जिंदा गौवंश, अवैध तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल और गोवध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार जनपद में पशु तस्करी और गोवध की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में कैराना पुलिस लगातार संदिग्ध स्थानों पर नजर बनाए हुए है। शुक्रवार रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बराला के जंगल में कुछ लोग गौकशी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर



पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेरा. बंदी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से मुस्तकीम पुत्र जुम्मा निवासी ग्राम बराला को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य संदिग्ध अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जिंदा गौवंश, 315 बोर का अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा गोवध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह सोम, हेड कांस्टेबल यतेंद्र भारद्वाज तथा कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे।

# बढ़ती महंगाई को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता को महंगाई से राहत दिलाने की मांग उठाई। बाद में पार्टी पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन नायाब तहसीलदार को सौंपा और गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रोजमर्रा के खर्च पूरे करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से घरेलू बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जबकि कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 120 रुपये तक की वृद्धि की गई है। इससे आम लोगों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों और कारोबारियों पर भी आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने का सीधा असर होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबा. रियों पर पड़ रहा है, जिनकी आजी. विका इसी पर निर्भर करती है। पार्टी पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई और ईंधन की कीमतों में वृद्धि के कारण देश के कई हिस्सों में छोटे उद्योग और व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। कई होटल और छोटे उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं, जिससे बेरोजगारी बढ़ने का खतरा भी पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सरकार से मांग की कि घरेलू एलपीजी गैस




सिलेंडर की कीमतों में की गई हालिया बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए। साथ ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एक ठोस और पारदर्शी नीति लागू की जाए। इसके अलावा गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी देने की भी मांग की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सोराम सिंह, मोहित, राज. ेंद्र पहलवान, सुधीर कुमार, सतीश चौहान, शमीम अब्बासी, विनोद शर्मा, भोपाल सिंह, धीरजपाल तोमर और वीरपाल उपाध्याय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आहवान भी किया।

## 17 से 21 तक होगी खेल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला खेल कार्यालय शामली द्वारा वर्ष 2025-26 में जूनियर स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं 17 मार्च से 21 मार्च 2026 तक शहीद उद्यम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम शामली में प्रात: 9 बजे से आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी उप क्रीड़ाधिकारी शामली अश्वनी कुमार त्यागी ने दी। प्रतियोगिता के तहत जूनियर हॉकी, जूनियर फुटबाल, टेबल-टेनिस, कुश्ती, बास्केटबाल, कबड्डी, वाल. ीवाल, हैण्डबाल, एथलेटिक्स, भारोत्तोलन और शूटिंग बालक/बालिका वर्ग में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक खेल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता और उपविजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी अपनी एंट्री जिला खेल कार्यालय शामली में करवा सकते हैं। एंट्री के लिए संपर्क किए जाने वाले अधिकारी हैं। अ श्वनी कुमार त्यागी (मोबाइल-9719069968), संजू रानी मोबा. इल-7337873084, प्रशांत मलिक(मोबाइल-9310546712), भूपेंद्र सिंह देव (मोबाइल-8923121667)और आकाश चौधरी (मोबा. इल-9675046335) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी प्रकार की फीस नहीं है। खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति अवश्य लाएं। जिला खेल कार्यालय ने सभी प्रतिभागियों से समय पर पहुंचने और नियमानुसार अपनी एंट्री कराने का आग्रह किया है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित करना और उन्हें जिला स्तरीय मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने-अपने खेल में प्रदर्शन दिखाने और पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा।

## सिलेंडर लेकर लौट रहे व्यापारी की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला रेलपार निवासी एक सर्राफा व्यापारी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। हादसा उस समय हुआ जब व्यापारी गैस सिलेंडर लेकर वापस लौट रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यापारी को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला रेलपार स्थित शिव कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय अमित पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा जनपद मुजफ्फरनगर के गांव अलीपुर में सर्राफा (सुनार) की दुकान चलाते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अमित कुमार घरेलू गैस सिलेंडर



भरवाकर शामली से अपने गांव अलीपुर लौट रहे थे। क्षेत्र में गैस सिलेंडर की किल्लत होने के कारण वह सिलेंडर लेने शामली आए थे। बताया गया है कि जब अमित कुमार लालूखेड़ी चौकी के पास नहर पटरी मार्ग से गुजर रहे थे, तभी सामने से आ रहे ईंटों से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी हालत बेहद नाजुक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यापारी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृतक का शव उनके पैतृक आवास रेलपार लाया गया। जैसे ही परिजनों ने शव देखा, परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो बेटियों को छोड़ गया है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मोहल्ले और आसपास के लोगों में भी शोक की लहर दौड़ गई।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव भूरा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के पैर की हढी टूट गई। घायल को पहले कैराना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव सहपत निवासी नरेश पुत्र दीना ने कोतवाली कैराना में तहरीर देते हुए बताया कि चार मार्च 2026 की शाम करीब छह बजे उसका पुत्र विपुल मोटरसाइकिल द्धनंबर भ्त60 भ्5551ऋ से आ रहा था। आरोप है कि गांव भूरा स्थित पेट्रोल पंप के पास जावेद पुत्र क"यूम निवासी ग्राम भूरा ने अपने अर्जुन महिंद्रा ट्रैक्टर को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और विपुल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके पैर की हढी टूट गई। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल कैराना पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया गया ।पीड़ित के अनुसार बेटे के उपचार में व्यस्त रहने के कारण वह समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका। मामले में चेतराम पुत्र कल्लू और सुरेश पुत्र दीना को घटना का गवाह बताया गया है।

## पुलिस ने एक वांछित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ऊन पुलिस ने कस्बे ऊन के निवासी एवं हाल निवासी सहारनपुर को वारंट के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत थाना झिंझाना की ऊन पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंटी अभियुक्त पवन पुत्र जगरोशन निवासी मौहल्ला कस्बा ऊन थाना झिंझाना जनपद शामली हाल पता गंगा कालोनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

# जहाँ इष्टदेव और गुरु का सम्मान नहीं वहां जाना नहीं चाहिए : नंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने ध्रुव चरित्र व सती प्रसंग का भावपूर्ण श्रवण किया। कथा वाचक आचार्य विशाला नंद सरस्वती व्यास महाराज ने ध्रुव की अटूट भक्ति और सती के त्याग का प्रसंग सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति संयम और मर्यादा का संद. ेश दिया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

महाराज ने बताया कि मनुष्य को किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। जहाँ आपके साथ-साथ आपके इष्ट देव और गुरु का भी सम्मान न हो वहाँ जाना उचित नहीं है। उन्होंने सती प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव के मना करने के बावजूद जब सती अपने पिता दक्ष के यज्ञ में गईं तो वहाँ भगवान शिव का अपमान हुआ। पति के अपमान को सहन न कर पाने के कारण सती को यज्ञ अग्नि में स्वयं को समर्पित करना पड़ा। कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए व्यास महाराज ने बताया कि बालक ध्रुव को उसकी सौतेली माता द्वारा अपमानित किया गया। लेकिन उसकी माता सुनीति ने धैर्य और संयम से काम लिया और उसे भगवान की भक्ति का मार्ग दिखाया। ध्रुव ने कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और अमर ध्रुव तारा के रूप में स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि परिवार को सुरक्षित और मजबूत बनाए रखने के लिए धैर्य के साथ-साथ संयम भी



अत्यंत आवश्यक है। मनुष्य अपने जीवन में जैसे कर्म करता है उसी के



अनुरूप उसे फल और अंत में मृत्यु भी प्राप्त होती है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# तोता की खरीद-फरोख्त के खिलाफ चलाया अभियान

### एनिमल शेल्टर टीम ने तीन तोतों को किया संरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में अवैध रूप से भारतीय तोतों की खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान तीन भारतीय तोतों को भी बरामद कर सुरक्षित संरक्षण में लिया गया है। वन्यजीवों के अवैध व्यापार पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।

जानकारी के अनुसार शहर में स्थित लोकल एनिमल शेल्टर की टीम द्वारा पिछले दो दिनों से विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इस अभियान का उद्देश्य शहर में अवैध रूप से भारतीय तोतों की बिक्री करने वाले लोगों की पहचान करना और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराना था। टीम के सदस्यों ने बताया कि उन्हें लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग शहर के अलग-अलग स्थानों पर भारतीय तोतों को पकड़कर उनकी बिक्री कर रहे हैं। टीम ने इस संबंध में पहले ऐसे लोगों और उनके संभावित ठिकानों की जानकारी एकत्र की। इसके बाद पूरी जानकारी वन विभाग को उपलब्ध कराई गई। वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से शहर के कई स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से भारतीय तोते बेचने वाले तीन लोगों को पकड़ लिया गया। उनके पास से तीन भारतीय तोते भी बरामद किए गए, जिन्हें तुरंत सुरक्षित संरक्षण में ले लिया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि भारत सरकार के वन्यजीव संरक्षण नियमों के अनुसार भारतीय तोतों को पकड़ना, खरीदना, बेचना या घर में पालना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कुछ लोग लाभ कमाने के लालच में इन पक्षियों का अवैध व्यापार कर रहे हैं, जो कानूनन अपराध है। लोकल एनिमल शेल्टर की टीम ने कहा कि भविष्य में भी शहर में अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी जंगली पक्षी या जानवर को खरीदने, बेचने या घर में पालने से बचें और ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग या टीम को दें।

# भैंस चोरी की रंजिश में घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कई महिला-पुरुषों सहित हरियाणा के दो लोगों पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और घर में घुसकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि विगत 10 अक्टूबर 2025 को गांव के ही दो लोगों ने उसकी एक भैंस और एक भैंसा चोरी कर लिया था। इस संबंध में उसने दोनों आरो. पियों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दी थी। उसी मामले को लेकर आरोपी तब से पीड़ित और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं।पीड़ित का आरोप है कि दो दिन पूर्व उसके मोबा. इल फोन पर हरियाणा निवासी एक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से उसका परिवार भयभीत है।आरोप है कि विगत शुक्रवार की शाम जब पीड़ित ने इस मामले का विरोध किया तो उसके पड़ोस के आधा दर्जन से अधिक महिला-पुरुष लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आए। आरो. पियों ने पीड़ित और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरो. पियों ने घर की महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए उनके कपड़े तक फाड़ दिए।पीड़ित ने शनिवार को आधा दर्जन से अधिक महिला-पुरुषों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस से गुहार लगाई है।

सूचना
शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सुनील वर्मा
(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)
मो. 8630354443
कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

